Department of Health & Mental Hygiene | Department of Consumer Affairs | Department of Finance

# नया कानून :स्वादयुक्त ई-सिगरेट और तंबाकू उत्पाद

1. **यह नया कानून किस बारे में है?**

   न्यूयॉर्क सिटी काउंसिल के 2019 के स्थानीय कानून 228 किसी भी माप या आकार के स्वादयुक्त इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट) ई-सिगरेट (और स्वाद वाले ई-तरल पदार्थ की बिक्री पर प्रतिबंधित करता है। 2019 का स्थानीय कानून 228 इन चीज़ों को थोक विक्रेताओं के लिए विक्रय के इरादे से बेचने या रखने की पेशकश करने पर भी प्रतिबंध लगाता है। यह कानून युवाओं को ई-सिगरेट की लत से बचाने में मदद करेगा ,क्योंकि बहुत सारे युवाओं को ई-सिगरेट उत्पादों का स्वाद लुभाता है।

   अप्रैल 2020में ,न्यूयॉर्क राज्य के बजट कानून में इन वस्तुओं की बिक्री करने या पेशकश पर प्रतिबंध के अलावा अन्य परिवर्तन भी शामिल थे। सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून §§ 1399-MM-11 , 1399-MM-2 और 1399-MM-3 देखें।

2. **कुछ स्वादयुक्त तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध स्थानीय कानून 228 अध्याय 28 को कैसे प्रभावित करता है?**

   स्थानीय कानून 228 ई-सिगरेट और ई-तरल पदार्थ (कभी-कभी तरल निकोटीन कहलाता है) को मौजूदा शहरी कानून में जोड़ता है ,जो कि स्वादयुक्त तंबाकू उत्पादों ,2009)में पास हुए मिंट ,-मेंथॉल -या विंटरग्रीन-फ़्लेवर वाले तंबाकू उत्पादों को छोड़ कर (की बिक्री पर प्रतिबंधित करता है। उस कानून में सिगार ,सिगारिलोस ,छोटा सिगार ,सिगार रैप्स ,धुआं रहित तंबाकू) चबाने वाले तंबाकू ,सूंघने और घुलने योग्य तंबाकू उत्पादों सहित ,(खुले तंबाकू) पाइप तंबाकू और स्वयं तंबाकू तैयार करने वाले समेत, ( ब्लंट रैप्स ,स्नस और शीशा )तंबाकू और गैर-तंबाकू दोनों (शामिल हैं। तंबाकू और मेन्थॉल के अलावा ,सिगरेट में स्वाद को 2009से संघीय कानून द्वारा निषिद्ध कर दिया गया है। जिन स्वादों को बेचने की अनुमति है, वे ई-सिगरेट और सिगरेट (अन्य तंबाकू उत्पाद या OTP) के अलावा अन्य तंबाकू उत्पादों से अलग हैं। नीचे 4और 6 प्रश्नों को देखें।

3. **ये कानून कब लागू होते हैं ?**

   स्वादयुक्त ई-सिगरेट की बिक्री पर राज्य का प्रतिबंध मई 2020के मध्य में लागू हुआ। न्यूयॉर्क शहर (New York City, NYC) कानून में व्यापक ई-सिगरेट निषेध 1जुलाई 2020 ,से लागू हो गया।

4. **खुदरा विक्रेताओं को अब क्या पता होना चाहिए?**

<u>अब आपको NYC में स्वादयुक्त OTP, ई-सिगरेट या ई-तरल पदार्थ की बिक्री को बंद कर देना होगा।</u> आपको NYC में बिक्री के लिए इन चीजों के लिए पेशकश करना या इन चीजों को रखना बंद करना होगा।

- ई-सिगरेट खुदरा विक्रेताओं के लिए:
  - अब केवल ई-सिगरेट के खुदरा विक्रेताओं को ई-सिगरेट या ई-तरल पदार्थ ,जो तम्बाकू-स्वादयुक्त या बैगर स्वादयुक्त हैं ,को बेचने या विक्रय के इरादे से रखने की पेशकश करने की अनुमति है।
  - के कब्जे में ई-सिगरेट के खुदरा विक्रेता के पास छह या उससे अधिक ई-सिगरेट होने पर या 12औंस से अधिक किसी भी अन्य स्वादयुक्त ई-तरल के उन्हें रखे जाने पर इसे विक्रय के इरादे से रखा जाना माना गया है।
- तंबाकू के खुदरा विक्रेताओं के लिए
  - तंबाकू के खुदरा विक्रेताओं को अब केवल विक्रय के इरादे से ऐसे OTPजो तंबाकू ,मैंथॉल ,-मिंट -या विंटरग्रीन-फ़्लेवर्ड या अनफ़्लेवर्ड होते हैं ;को बेचने ,बेचने की पेशकश करने या रखने की अनुमति है।
  - ऐसे तंबाकू के खुदरा विक्रेताओं के पास किसी भी अन्य स्वादयुक्त 4 या उससे अधिक OTP के होने पर इसे विक्रय के इरादे से रखा जाना माना गया है।

5. **किन उत्पादों को कानूनों के अंतर्गत रखा गया है?**

कानूनों में <u>सभी इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट ,ई-तरल पदार्थ /तरल निकोटीन और</u> OTP शामिल हैं। स्वादयुक्त ई-सिगरेट और ई-तरल पदार्थों के सभी माप और आकारों को प्रतिबंधित करने के हाल ही की संघीय नीति से वे कहीं आगे जाते हैं। न्यूयॉर्क शहर और राज्य के कानून में उपयोग करके फेंक देने लायक)डिस्पोजेबल (और टैंक-आधारित वेपिंग उत्पाद शामिल हैं। न्यूयॉर्क शहर और राज्य का कानून आगे जाकर स्वादयुक्त OTP से लेकर ऐसे तंबाकू जो मेंथॉल ,-मिंट -या विंटरग्रीन-स्वादयुक्त और बैगर स्वाद को भी सीमित करता है।

6. **मुझे कैसे पता चलेगा कि किसी उत्पाद का स्वाद कैसा है?**

स्वाद संबंधी संकेतों के लिए लेबल ,पैकेजिंग और/या मार्केटिंग देखें। उत्पादों के विवरण के लिए निर्माता द्वारा उपयोग किए गए विवरण और चित्रों पर विचार करें। शब्द ,रंग या चित्रों द्वारा स्वाद दिखाया जा सकता है। “spicy” (स्पाइसी) या “sweet”(स्वीट) जैसे शब्दों का अर्थ संभवतया स्वाद के लिए होता है।

- <u>ई-सिगरेट या ई-तरल पदार्थ</u> केवल तभी बेचे जा सकते हैं, बशर्ते वे तंबाकू के <u>स्वाद वाले या बिना स्वाद के</u> हों।
- केवल तभी बेचे जा सकते हैं ,जब वे <u>तम्बाकू ,-मेंथॉल ,-मिंट -या विंटरग्रीन-स्वाद या बगैर किसी स्वाद</u> के हों।

आने वाले महीनों में ,हम उन उत्पादों पर और अधिक मार्गदर्शन करेंगे ,जिन्हें बेचने की अनुमति नहीं है।

7. **क्या खुदरा विक्रेता हैं जो कुछ प्रकार के स्वादयुक्त उत्पाद अभी भी बेच सकते हैं?**
न्यूयॉर्क शहर में ,स्वादयुक्त इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट की खुदरा बिक्री की अनुमति नहीं है।
    - केवल एक पंजीकृत तंबाकू बार ही स्वादयुक्त OTP बेच सकता है।
    - किसी नए तंबाकू बार का पंजीकरण उपलब्ध नहीं है।

8. **नए कानूनों के लिए प्रवर्तन कैसा होगा?**
1जुलाई 2020 ,से वित्त विभाग (Department of Finance, DOF) और उपभोक्ता और श्रमिक संरक्षण विभाग (Department of Consumer and Worker Protection, DCWP, पूर्व में DCA) का शेरिफ़ कार्यालय खुदरा विक्रेताओं के नियमित निरीक्षण के आधार पर इन कानूनों को लागू करेगा। निरीक्षण नियमित या शिकायत आधारित हो सकते हैं।

9. **खुदरा विक्रेताओं की बची हुई स्वादयुक्त फेहरिस्त का क्या होगा?**
खुदरा विक्रेताओं को 1जुलाई तक सभी स्वादयुक्त ई-सिगरेट और स्वादयुक्त ई-तरल पदार्थ उत्पाद के निपटान की योजना बना लेनी चाहिए। क्योंकि इन उत्पादों में बैटरी और निकोटीन के रूप में खतरनाक अपशिष्ट होते हैं ,खुदरा विक्रेता को अपने सामान्य कचरों के साथ उनका निपटान नहीं करना चाहिए। सुरक्षित निपटान के विकल्पों के बारे में अपने अपशिष्ट निपटान ठेकेदार और अपने वितरक से बात करें।

प्रश्न 4में सूचीबद्ध मात्रा से अधिक कोई भी स्वादयुक्त ई-सिगरेट या स्वादयुक्त ई-तरल पदार्थ DOF शेरिफ़ कार्यालय द्वारा जब्त किए जा सकते हैं। आइटम को अपने परिसर से हटाने के लिए खुदरा विक्रेताओं के लिए अतिरिक्त 15दिनों की रियायती अवधि होगी ,जो 1जुलाई से शुरू होगी और 15जुलाई 2020 ,को इसके समाप्त होने पर ,वे निम्नलिखित प्रदान करेंगे :

1) आइटम अलमारियों या डिस्प्ले केस से हटा दिए गए हैं।
2) उन्हें सुरक्षित क्षेत्र में रखा गया है,जनता के लिए सुलभ नहीं है।
3) परिसर में इन आइटम की मौजूदगी का खुलासा तुरंत DCWP या DOF शेरिफ कार्यालय से परिसर में आने वाले निरीक्षण अधिकारियों के सामने करें।

**10. कानून का उल्लंघन करने की क्या सजा है?**

हरेक उल्लंघन के लिए कानून तोड़ने के जुर्माने की सीमा 1000$से 5,000$तक है। यदि तीन साल की अवधि के भीतर तीन उल्लंघन पाए जाते हैं,तो खुदरा विक्रेताओं का लाइसेंस एक वर्ष के लिए निलंबित करना पड़ सकता है। न्यूयॉर्क राज्य में प्रतिबंधित स्वादयुक्त इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का उल्लंघन करने के लिए खुदरा विक्रेताओं को स्वादयुक्त इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के प्रति पैकेज पर 100$तक के अतिरिक्त जुर्माने का भी सामना करना पड़ सकता है।

**11. खुदरा विक्रेताओं को इन कानूनों के बारे में और जानकारी कहाँ प्राप्त हो सकती है?**

NYCतंबाकू और ई-सिगरेट नियंत्रण कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी के लिए, nyc.gov/health पर जाएँ और "tobacco laws"(तंबाकू कानून) सर्च करें या **311** पर कॉल करें और कहें कि आप एक खुदरा तंबाकू या इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के खुदरा व्यापारी हैं।

न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग अपनी वेबसाइट पर खुदरा विक्रेताओं के लिए जानकारी प्रदान करता है। बढ़े हुए जुर्माने और प्रदर्शन पर नए प्रतिबंध और छूट को लेकर विकसित हुए मार्गदर्शन के बारे में और अधिक जानने के लिए health.ny.gov/prevention/tobacco_control/educational_materials.htm पर जाएँ।